आयोजन

मंधान संकल्प के 20 वर्ष पूरे, ताराचन्द बावरिया ने की थी नौतपे की तपती धूप में नंगे पांव यात्रा

लाखों सूखे कंठो की प्यास बुझाने में मंधान डेम का अहम योगदान

पूर्व विधायक ताराचन्द ने कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचकर की पूजा अर्चना

नवभारत न्यूज

परासिया, 7 जून, भीषण गर्मी में छिंदवाड़ा जिले की दो विधानसभा को पेयजल उपलब्ध कराने और क्षेत्र में जल संरक्षण का प्रतीक बने मंधान संकल्प के 20 वर्ष पूर्ण होने पर रविवार को श्रद्धा और उत्साह के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक ताराचंद बावरिया ने कार्यकर्ताओं के साथ मंधान पहुंचकर पूजा-अर्चना की और जल संरक्षण के संकल्प को दोहराया। गौरतलब है कि 4से 8जून वर्ष 2007 में भीषण जल संकट और पेयजल की समस्या को लेकर तत्कालीन विधायक ताराचंद बावरिया ने नौ तवे की तपती धूप में नंगे पांव पदयात्रा कर मंधान डेम निर्माण को एक जन अभियान बनाएं जानें की शुरुआत की थी। इस जनआंदोलन का उद्देश्य क्षेत्र में पेयजल का एक मात्र स्रोत मंधान डेम निर्माण करना था। श्री बाबरिया की संकल्प यात्रा का परिणाम था की तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मध्यप्रदेश सरकार के खर्चे से मंधान डैम को बनाएं जानें की घोषणा करते हुए पुर्व विधायक के साथ कोयलांचल को मांधान की सौगात दी। मंधान संकल्प के तहत हुए मंधान का लाभ क्षेत्र के हजारों परिवारों को मिला है। जल स्रोतों के पुनर्जीवन और संरक्षण से लाखों सूखे कंठों की प्यास बुझाने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

मंधान का पानी सबके लिएः ताराचंद बाबरिया

मंधान डैम निर्माण के 20 वर्ष पूर्ण होने पर पूर्व विधायक ताराचंद बावरिया ने विधि विधान से पूजा अर्चना करते हुए कहा कि मंधान का जल सबके लिए है और इसमें सबका अधिकार है उन्होंने मंधान संकल्प यात्रा के दौरान उनकी यात्रा पर नौटंकी करार देने वाले को जवाब देते हुए कहा कि ऐसे लोग अब पेयजल समस्या को लेकर स्वयं नौटंकी कर रहे हैं। उन्होंने परासिया और न्यूटन नगर की जल समस्या पर संकल्प लेते हुए कहा कि आने वाले समय में उनका एक ही अभियान रहेगा की परासिया और न्यूटन नगर को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सके। जिसके लिए वह आज से सत्याग्रह आंदोलन करेंगे ।उनकी लड़ाई किसी व्यक्ति विशेष और संस्था तथा सरकार के खिलाफ नहीं अपितु व्यवस्था के खिलाफ रहेगी। मंधान में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता सहित मंधान संकल्प यात्रा के दौरान साक्षी रहे लोगों की उपस्थिति रही।

ट्रेन में विवाद कर नाबालिग से की मारपीट

तीन आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने मामला किया दर्ज

नवभारत न्यूज

परासिया, 7 जून, आमला-परासिया पैसेंजर ट्रेन में एक नाबालिग यात्री के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। घटना शुक्रवार को उस समय हुई जब ट्रेन में यात्रा के दौरान बैग टकराने को लेकर दो यात्रियों के बीच कहासुनी हो गई, जो बाद में विवाद में बदल गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार चांदामेटा निवासी रुपेश वर्मा आमला से परासिया तक ट्रेन क्रमांक 61125 में यात्रा कर रहा था। इसी ट्रेन में जुन्नारदेव से परासिया तक यात्रा कर रहे 16 वर्षीय मोहम्मद अयान रजा का बैग रुपेश वर्मा से टकरा गया, जिसके बाद दोनों के बीच कहासुनी हो गई।

बताया गया कि शाम करीब 5ः23 बजे ट्रेन के परासिया स्टेशन पहुंचने पर रुपेश वर्मा को लेने आए उसके मित्र शिवम मसराम और अजय कुमार धुर्वे भी मौके पर पहुंच गए। आरोप है कि तीनों ने मिलकर मोहम्मद अयान के साथ ट्रेन के भीतर मारपीट की तथा उसे प्लेटफॉर्म पर उतारकर भी पीटा।

घटना के दौरान ट्रेन में तैनात टीटीई नितिन जावलकर ने हस्तक्षेप कर बीच-बचाव किया। इसी बीच प्लेटफॉर्म पर ड्यूटी कर रहे एएसआई राजेश बघेल भी मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। इसके बाद दोनों पक्षों को परासिया चौकी लाया गया। सूचना मिलने पर जीआरपी जुन्नारदेव के अधिकारियों ने चौकी पहुंचकर मामले की जांच की। पूछताछ के बाद चारों व्यक्तियों को आगे की वैधानिक कार्रवाई के लिए पेंचवेली एक्सप्रेस से जीआरपी आमला भेजा गया। पुलिस ने बताया कि मामले में आगे की जांच एवं कार्रवाई जारी है।

भाजपा मंडल बिछुआ की कामकाजी बैठक संपन्न

नवभारत न्यूज

बिछुआ, 7 जून, भाजपा मंडल बिछुआ की कामकाजी बैठक का आयोजन स्थानीय स्तर पर किया गया, जिसमें संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों, आगामी कार्यक्रमों तथा पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने संबंधी विषयों पर चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने एवं आगामी अभियानों को सफल बनाने का आह्वान किया। बैठक का समापन संगठनात्मक संकल्पों एवं आगामी कार्ययोजना के साथ हुआ।

प्रकृति की सेवा को आदर्श बनाने हेतु कोयलांचल के पत्रकारों का सार्थक प्रयास

मयूर वन में पत्रकार वाटिका की स्थापना पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

नवभारत न्यूज

परासिया, 7 जून, पर्यावरण संरक्षण एवं वन्य जीवों के हित में कोयलांचल के पत्रकारों द्वारा एक अभिनव पहल की गई। रविवार, 7 जून 2026 को प्रातः 10 बजे मयूर वन, परासिया में फलदार वृक्षारोपण किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के सबसे घने वन क्षेत्र मयूर वन में फलदार वृक्षों का रोपण कर वन्य प्राणियों के लिए भोजन एवं आश्रय की व्यवस्था को सुदृढ़ करना है। वर्तमान में इस वन क्षेत्र में फलदार वृक्षों की कमी को देखते हुए यह पहल की जा रही है। साथ ही, इस अभियान के माध्यम से ÷पत्रकार वाटिका÷ के नाम से एक विशेष फलदार वृक्ष क्षेत्र विकसित करने का प्रयास भी किया जाएगा।

पत्रकार समाज का वह वर्ग है जो निरंतर जनहित और सामाजिक सरोकारों के लिए समर्पित रहता है। जिस प्रकार फलदार वृक्ष स्वयं धूप, वर्षा और विपरीत परिस्थितियों को सहकर दूसरों को फल प्रदान करते हैं, उसी प्रकार पत्रकार भी अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए समाज के कल्याण के लिए निरंतर कार्य करते हैं। यह वृक्षारोपण अभियान उसी सेवा, समर्पण और प्रकृति प्रेम का प्रतीक है।

आयोजन में पत्रकार बंधुओं, समाजसेवियों, पर्यावरण प्रेमियों एवं नागरिकों की उपस्थिति रही।

पर्यावरण प्रेमियों ने मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

छिंदवाड़ा। मध्य प्रदेश की धर्म नगरी छिंदवाड़ा के परासिया रोड पोआमा स्थित दिव्यांगजनों के विकास एवं पुनर्वास हेतु समर्पित संस्था आधार फाउंडेशन में विश्व पर्यावरण दिवस रंगारंग कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह सम्मिलित हुए एवं अध्यक्षता सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक नगर निगम स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर दीपक राज जैन ने की। जिनका दिव्यांग बच्चों सहित आधार फाउंडेशन की संचालिका सरिता पांडे एवं सक्षम के जिला अध्यक्ष इंजीनियर महेश किन्थ एवं ने तुलसी का पौधा भेंट कर आत्मीय अभिनंदन किया।

भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत सप्ताह महायज्ञ का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

मोहखेड़, 7 जून, ग्राम मोहखेड़ में रविवार से श्रीमद् भागवत सप्ताह महायज्ञ का शुभारंभ श्रद्धा और उत्साह के साथ हुआ। पहले दिन महिलाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। सिर पर कलश धारण कर महिलाओं ने गांव के प्रमुख मार्गो से शोभायात्रा निकाली और भगवान के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

आयोजकों के अनुसार राधा कृष्ण मंदिर, बाजार चौक मोहखेड़ में आयोजित यह धार्मिक आयोजन 7 जून से 15 जून तक चलेगा। कथा वाचन वृंदावन से पधारे परम पूज्य डॉ. अनिल शास्त्री द्वारा प्रतिदिन शाम 7.30 बजे से रात्रि 11 बजे तक किया जाएगा। कलश यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने धर्म लाभ प्राप्त किया तथा गांव में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। आयोजन में ग्रामवासी, महिला मंडल एवं क्षेत्र के श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर 15 जून को विशाल भंडारा एवं महाप्रसाद का आयोजन किया जाएगा।

भाजपा बटकखापा मंडल की मासिक बैठक हुई संपन्न

नवभारत न्यूज

बटकाखापा, 7 जून, भारतीय जनता पार्टी मंडल बटकाखापा की मासिक बैठक स्थानीय पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के तौर पर पूर्व जिला उपाध्यक्ष आदिवासी नेता जितेंद्र शाह उपस्थित रहे।

तदाशय की जानकारी देते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष हरीश साहू ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के अनुसार माह के प्रथम सप्ताह में मंडल की मासिक बैठक एवं माह के 21 से 25 तारीख के बीच में शक्ति केंद्रों की बैठक एवं माह की आखिरी रविवार में प्रधानमंत्री जी के द्वारा मन की बात को देखा एवं सुना जाए उसके पश्चात स्थानीय बूत की बैठक संपन्न कराया जाए उपरोक्त बैठक में मंडल महामंत्री सीताराम बरसिया मंडल उपाध्यक्ष छेदमी लाल कॉमेडी रंजीत नामदेव जितेंद्र डेहरिया हेतराम डेहरिया मदन डेहरिया मीडिया प्रभारी डालचंद साहू मन की बात प्रभारी रविंद्र परिहार सोशल मीडिया प्रभारी सुनील अप्पू साहू कार्यालय मंत्री इंद्र कुमार सूर्यवंशी मंडल कोषाध्यक्ष रामदयाल सारथी मंडल मंत्री एवं भैंस को के वरिष्ठ कार्यकर्ता सुमन भारती मंडल के उपाध्यक्ष बबलू पचलिया छत के बूथ अध्यक्ष महू कहार अंतराम कहार जनपद सदस्य छोटी बैरट्टा डांडुलिया पहलाद पगारे अननीमरकाम सहित क्षेत्र के जिम्मेदार कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

सारंगबिहरी ग्राम सभा में पर्यावरण संरक्षण का लिया गया संकल्प

नवभारत न्यूज

सारंगबिहरी, 7 जून, ग्राम पंचायत सारंगबिहरी में सरपंच गणेश फरकारे की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में शासन द्वारा निर्धारित एजेंडे का वाचन करते हुए ग्रामीणों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही पर्यावरण संरक्षण एवं जल संवर्धन के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई।

नोडल अधिकारी सेवाराम भादे एवं रोजगार सहायक ओमप्रकाश चौधरी ने ग्रामीणों को अधिक से अधिक पौधारोपण करने, लगाए गए पौधों की देखभाल करने तथा जल स्रोतों के संरक्षण के लिए प्रेरित किया। इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण, पौधारोपण एवं जल बचाने की शपथ दिलाई गई।वक्ताओं ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और गिरते जलस्तर को देखते हुए प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह पर्यावरण संरक्षण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाए। ग्राम सभा में गांव को हरित एवं स्वच्छ बनाने तथा जल स्रोतों को सुरक्षित रखने का संकल्प भी लिया गया।

शिक्षक कॉलोनी में घटिया निर्माण का आरोप, नगरवासियों में आक्रोश

सरपंच योगेंद्र शाह धुर्वे ने जताई नाराजगी, गुणवत्ता सुधारने की दी चेतावनी

नवभारत न्यूज

बटकाखापा, 7 जून, नगर की शिक्षक कॉलोनी में निर्माणाधीन नाली को लेकर स्थानीय रहवासियों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। नगरवासियों का आरोप है कि नाली निर्माण कार्य में निर्धारित गुणवत्ता का पालन नहीं किया जा रहा है तथा निर्माण में सूखा मटेरियल उपयोग किया जा रहा है, जिससे नाली की मजबूती और टिकाऊपन पर सवाल खड़े हो गए हैं।

मामले की जानकारी मिलने पर ग्राम पंचायत बटकाखापा के सरपंच योगेंद्र शाह धुर्वे मौके पर पहुंचे और निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य कर रहे ठेकेदार एवं कर्मचारियों से सीधे बातचीत कर गुणवत्ता पूर्ण निर्माण करने के निर्देश दिए। सरपंच योगेंद्र शाह धुर्वे ने स्पष्ट कहा कि होने वाले विकास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि नाली निर्माण में गुणवत्ता नहीं सुधारी गई और मानकों के अनुरूप कार्य नहीं किया गया तो वे इस मामले की शिकायत उच्च अधिकारियों से करेंगे। स्थानीय रहवासियों का कहना है कि यदि निर्माण कार्य में अभी से अनियमितता बरती गई तो कुछ ही समय में नाली क्षतिग्रस्त हो सकती है, जिससे शासन की राशि का दुरुपयोग होगा और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

एक नजर में

ब्रह्मचारी दिव्यानंद महाराज के आगमन के साथ तत्वज्ञान शिक्षण शिविर का हुआ शुभारंभ

अमरवाड़ा। नगर के तारण तरण दिगंबर जैन चैत्यालय जी में ग्रीष्मकालीन तत्वज्ञान शिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया है जानकारी के अनुसार तारण तरण मंडलाचार्य जी महाराज के मंगल आशीर्वाद से परम पूज्य ब्रह्मचारी बसंत जी महाराज के मार्गदर्शन में श्री ब्रह्मचारी दिव्यानंद जी महाराज के मंगल सानिध्य में सात दिवसीय तत्वज्ञान शिक्षण शिविर का शुभारंभ रविवार को प्रात: 8 बजे से किया गया है। जिसमें शिक्षा समूह को पांच भागों में बांटा गया है जिसमें पहले नर्सरी से के0जी 2 तक, दूसरा भाग पहली से चौथी तक, तीसरा भाग पांचवी से आठवीं तक, चौथा भाग 9 वीं से 12वीं तक पांचवा भाग दसवीं से स्नातक और स्नातकोत्तर के लिए बांटा गया है प्रत्येक दिन सुबह 8.15 बजे से 8.30 तक सामयिक प्रार्थना, 8.30 से 9.15 तक शिक्षण कक्षा 1, और 10 बजे से 10.45 तक शिक्षण कक्षा 2, वहीं शाम के समय 8 बजे से 8.45 तक शिक्षण कक्षा एक और 8.45 से 9.30 तक शिक्षण कक्षा 2, और 9.30 से 10 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

बीजारोपण अभियान चलाकर जैवविविधता का करे संरक्षण

छिंदवाड़ा । जिले की जैवविविधता को बचाने के हर व्यक्ति को कुछ न कुछ पहल करना चाहिए जिससे की जैवविविधता को संरक्षित किया जा सके , एक ऐसा अनूठा प्रयास गत दिनो स्वंय सेवी संस्था कुकड़ा ग्राम उत्थान समिति के द्वारा छिंदवाड़ा विकास खंड के ग्राम रंगीनखापा खुटिया रोड स्थित वृक्ष विहीन टेकड़ी को हरा भरा करने की पहल की गई। संस्था के संयोजक श्यामल राव ने बताया की उक्त टेकड़ी मे पंचायत द्वारा जल एवं भूप्रबंधन के लिए कंटूर ट्रच बनाये गये हे जंहा जल के साथ भूप्रबंधन के लिए पौधा रोपण किया जायेगा । इसके पूर्व उक्त स्थान पर हरियाली लाने के लिए पर्यावरण विद श्यामल राव ने इमली के बीज एकत्रित कर वृक्ष विहीन पहाड़ी मे ग्रामीण एवं पर्यावरण प्रेमी साथियों के साथ मिलकर इमली के बीजो को बोया गया ,जो बीज ऊगकर एक विशाल वृक्ष बनकर लुप्त होने वाली जैवविविधता को संरक्षित कर सके ।

ट्रेक्टर दुर्घटना में मृतक किसान परिवार को मुआवजा मिलेः किसान कांग्रेस

छिंदवाड़ा। जिला किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष चौधरी पुष्पेन्द्र सिंह ने वक्तव्य जारी कर बताया कि मानसून की दस्तक को देखते किसान खरीफ फसल की बोनी की तैयारी में जोर-शोर से लगे हैं । जिले के चॉद थाना क्षेत्र के ग्राम उभेगांव के किसान गेंदसिंह वानखड़े के कृषि कार्य के दौरान ट्रेक्टर सहित कुँये में गिरने से दर्दनाक हादसे में मृत्यु हो गई । जिला किसान कांग्रेस की ओर से दुख जताते हुये राज्य सरकार और जिला प्रशासन से प्रभावित किसान परिवार को मुआवजा राशि दिये जाने की मांग की है । जिले के किसानों से उन्होनें कृषि कार्य पूरी सावधानी और सुरक्षा से करने की अपील की है । कुँआ, नदी, नालों, तालाबों के किनारे और बिजली के झूलते तारों वन्य प्राणियों और जीव जन्तुओं से सुरक्षा बरतने का आग्रह किसानों से किया है ।

मेधावी छात्र सम्मान समारोह में 80 विद्यार्थियों का सम्मान

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 7 जून, शासकीय सेवक वेलफेयर सोसाइटी, छिंदवाड़ा द्वारा महारानी लक्ष्मीबाई कन्या शाला में मेधावी छात्र सम्मान एवं करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।

कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी पी.एल. मेश्राम, करियर मार्गदर्शक डॉ. अमर सिंह, डॉ. कामना वर्मा एवं अब्दुल हक खान ने विद्यार्थियों को करियर निर्माण, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, लक्ष्य निर्धारण तथा सफलता के सूत्रों पर मार्गदर्शन दिया। डॉ. अमर सिंह ने प्रेरक उद्बोधन के माध्यम से विद्यार्थियों को अनुशासन, मेहनत एवं आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर कक्षा 10 वीं एवं 12वीं के 80 मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह एवं दस्तावेज फाइल प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं ÷एक पेड़ मां के नाम÷ अभियान के तहत 100 पौधों का वितरण कर विद्यार्थियों को पौधरोपण एवं संरक्षण का संकल्प दिलाया गया। सोसाइटी अध्यक्ष सतीश गोंडाने ने कहा कि यह आयोजन विद्यार्थियों की प्रतिभा, परिश्रम और उपलब्धियों का सम्मान है। उन्होंने बताया कि भविष्य में भी प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

जिले के युवाओं को दी जायेगी प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क कोचिंग

छिंदवाड़ा। जिले के युवाओं को इस वर्ष भी प्रतियोगी परीक्षाओं की गुणवत्तापूर्ण एवं निःशुल्क तैयारी कराने के उद्देश्य से सांसद बंटी विवेक साहू की पहल एवं मार्गदर्शन में सांसद निःशुल्क कोचिंग का शुभारंभ 15 जून 2026 से किया जा रहा है। सांसद बंटी विवेक साहू की इस पहल का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हेतु बेहतर शैक्षणिक वातावरण, विशेषज्ञों का मार्गदर्शन एवं आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना है। उल्लेखनीय है कि सांसद बंटी विवेक साहू की पहल पर विगत वर्ष भी जिले के 1,100 युवाओं को अटल आरक्षक कोचिंग के माध्यम से निःशुल्क कोचिंग प्रदान की गई थी।

20 से 25 किसानों से गेहूं खरीदकर भुगतान किए बिना फरार हुआ व्यापारी

किसानों ने पकड़कर पुलिस के हवाले किया

नवभारत न्यूज

बिछुआ, 7 जून, बिछुआ थाना क्षेत्र के ग्राम उल्हावाडी में एक व्यापारी द्वारा किसानों से गेहूं खरीदने के बाद भुगतान नहीं किए जाने का मामला सामने आया है। किसानों के अनुसार आरोपी चंचू उर्फ चंचलेश साहू पिता घनश्याम साहू ने क्षेत्र के करीब 20 से 25 किसानों से गेहूं खरीदा था, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 15 लाख रुपये बताई जा रही है।

किसानों का आरोप है कि गेहूं खरीदने के बाद व्यापारी भुगतान किए बिना फरार हो गया था। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान और परेशानी का सामना करना पड़ा। इसके बाद पीड़ित किसानों ने आरोपी की तलाश शुरू की और उसे पकड़कर बिछुआ थाना पहुंचाया, जहां पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया।

मामले की जानकारी मिलने पर बिछुआ थाना प्रभारी सतीश उईके ने किसानों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए मामले को संज्ञान में लिया। पुलिस ने आरोपी चांचूं उर्फ चंचलेश साहू को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है।

टीआई सतीश उईके ने किसानों को आश्वस्त किया कि मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपी के खिलाफ नियमानुसार उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस किसानों के बयानों और लेन-देन से जुड़े दस्तावेजों के आधार पर पूरे मामले की जांच कर रही है।

किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि उन्हें उनकी गेहूं की बकाया राशि शीघ्र दिलाई जाए तथा दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

समस्या

सारंगबिहरी सेवा सहकारी समिति में सुविधा उपलब्ध कराने की उठी मांग

पेयजल व्यवस्था के अभाव में किसान बेहाल

नवभारत न्यूज

मोहखेड़, 7 जून, सेवा सहकारी समिति सारंगबिहरी में मूलभूत सुविधाओं की कमी को लेकर किसानों की परेशानी सामने आई है। खरीफ सीजन के चलते क्षेत्र के लगभग 20-22 गांवों के किसान खाद एवं अन्य कृषि कार्यों के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में समिति कार्यालय पहुंच रहे हैं।

किसानों का कहना है कि भीषण गर्मी और तेज धूप के बीच उन्हें घंटों तक लाइन में खड़े रहकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता है, लेकिन परिसर में पीने के पानी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से स्थिति और भी चुनौतीपूर्ण बन गई है। दूर-दराज गांवों से आने वाले किसानों, महिलाओं और बुजुर्गों को सबसे अधिक कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि समिति परिसर में प्रतिदिन भारी भीड़ रहती है, लेकिन स्वच्छ पेयजल जैसी बुनियादी सुविधा का अभाव स्पष्ट रूप से नजर आता है। ऐसे में किसानों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है।

किसानों ने समिति प्रबंधन से मांग की है कि परिसर में तत्काल स्थायी एवं व्यवस्थित पेयजल सुविधा उपलब्ध कराई जाए। इसके तहत वाटर कूलर, पानी टंकी अथवा नल कनेक्शन जैसी सुविधाओं की आवश्यकता बताई गई है, ताकि किसानों को राहत मिल सके।इसके साथ ही किसानों ने परिसर में छाया एवं बैठने की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने की भी मांग उठाई है, ताकि गर्मी के मौसम में आने वाले किसानों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।